

# लॉ कॉलेज में भ्रमण के नाम पर छात्रों से वसूले जा रहे रूपये

## एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कॉलेज प्रबंधन कर रहा गरीब छात्रों से भेदभाव

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विधि कॉलेज में भ्रमण के नाम से लिए जा रहे तीन-तीन हजार रूपयों के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई द्वारा एक ज्ञापन प्राचार्य के नाम सौंपते हुए विद्यार्थीयों के साथ समान रूप से व्यवहार करने की बात कहीं। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने बताया कि बिना किसी शासकीय आदेश के शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में विद्यार्थियों से तीन - तीन हजार रुपए जबलपुर हाईकोर्ट की कार्रवाई दिखाने के लिए लिये जा रहे हैं। जिससे कि गरीब छात्र आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से इस ट्रिप पर नहीं जा पा रहे हैं एवं हाई कोर्ट की कार्यवाही देखने से वंचित हो रहे हैं। अभिजीत ने बताया कि शासन की स्थापित परंपरा एवं नियमों के अनुसार इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर के रूप में तथा शासकीय व्यय पर आयोजित किए जाने चाहिए। किंतु वर्तमान व्यवस्था में आर्थिक रूप से सक्षम विद्यार्थियों को प्राथमिकता दिए जाने से अन्य छात्र, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव से वंचित हो रहे हैं। रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल भेदभावपूर्ण है बल्कि अवैध वसूली की श्रेणी में भी आती है। शासन के नियमानुसार सभी विद्यार्थियों को शासन के खर्चे पर ट्रिप पर ले जाया जाता है, जिससे किसी भी छात्र के साथ भेदभाव ना हो लेकिन इस संबंध में केवल पैसे वाले विद्यार्थियों को ट्रिप पर ले जाया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा कोई भी आदेश नहीं दिया है। वहीं उन्होंने विधि महा विद्यालय की प्राचार्य पर मनमानी करते हुए पैसे वाले छात्रों को ट्रिप पर ले जाने आमादा है। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन से मांग की है कि इस अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा सभी इच्छुक विद्यार्थियों को समान रूप से शासकीय व्यय पर शैक्षणिक भ्रमण का अवसर दिया जाए।



# शाढ़ौरा में महिला से कान की बाली छीनी

**घटना के बाद बाइक सवार बदमाश फरार**

**महिला के बेटे ने दिया थाने में आवेदन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा में सोमवार रात एक महिला से कान की बाली छीनने की घटना सामने आई है। रात करीब साढ़े 9 बजे सड़क पर पैदल चल रही महिला को निशाना बनाकर दो बाइक सवार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता सुनीता रघुवंशी (55) अमौदा रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय के पास रहती हैं। उनके परिवार में शादी होने के कारण महिलाएं रात में माता पूजन के लिए गई थीं और वापस घर लौट रही थीं। तीन-चार महिलाएं एक साथ सड़क किनारे पैदल चल रही थीं, तभी पिपरोल रोड के सामने यह घटना हुई। बदमाशों में से एक बाइक चालू कर खड़ा था, जबकि दूसरा सड़क किनारे घात लगाए था। जैसे ही सुनीता रघुवंशी उनके पास से गुजरीं, बदमाश ने उनके कान की एक बाली झटके से खींची और बाइक पर बैठकर फरार हो गए। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे।

घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे नजरों से ओझल हो गए। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अमौदा गांव तक तलाशी अभियान चलाया। रात 11 बजे तक पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी रही, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़िता के बेटे विशाल रघुवंशी ने थाने में आवेदन दिया है। छीनी गई बाली की अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। यह गौर करने वाली बात ये है कि शाढ़ौरा में अपराध की आए दिन घटनाएं सामने आ रहीं है। जिससे लोगों में भयव्य है।

## एक नजर में



### संकल्प से समाधान अभियान निराकरण शिविर आयोजित

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद द्वारा संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया, यह शिबिर शिव मंदिर कुण्ड मोहल्ले मे लगाया गया। जिसमे वार्ड क्रमांक 2,3,4,5,11,13,14, के वार्ड प्रभारी शामिल हुए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान ने बताया की शासन के समस्त विभागो द्वारा संचालित योजनाओ और सेबाओ का पूरा लाभ और पात्र हितग्रहियो को समय सीमा मे लाभ पहुचाने के लिए शासन द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च 6 तक विशेष अभियान संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया था, उसी क्रम में आज द्वितीय चरण का शिविर कुण्ड मोहल्ला पर आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर रहे। यह द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर, सीएमओ शमशाद पठान, उपयंत्री आजाद जैन, शैलेंद्र तिवारी, सुदामा किरार, रिबिन् अहिरबार, शैलेंद्र रघुवंशी, युधिष्टर अहिरवार, सौरभ पलिया, इमरान खान, असलम बेग, शिवकुमार रघुवंशी , नीरज यादव मौजूद रहे।

### कैंसर पीड़ित को तुरंत मुहैया कराई गई आर्थिक सहायता

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में चंदेरी तहसील के ग्राम खैरा निवासी पुष्पेन्द्र तिवारी को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चैक मौके पर प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है आवेदक द्वारा बताया गया कि वह कैंसर से पीडिंत है जिसका इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई में चल रहा है। आवेदक के लिए आने जाने का किराया एवं एमआईआर जांच हेतु आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया गया।



# डीजे की आवाज पर पुलिस का रहेगा पहरा

## डीजे संचालकों से भरवाए गए बाउंड, नियमों का उल्लघन करने पर होगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलामुख्यालय सहित समूचा जिला डीजे की आवाज से परेशान है, तो वहीं जिले में डीजे की तेज आवाज ने कई लोगों की दिलों की धड़कन रोक दी है। इस पर पाबंदी लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में कोतवाली थाना में पुलिस व डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोतवाली निरीक्षक द्वारा सभी डीजे संचालकों को हिदायत दी गई कि वह सर्वोच्चय न्यायालय की गाईडलाइन अनुसार ही अपने डीजे का संचालन करे, तो वहीं रात्रि दस बजे के बाद बजने वाले डीजे पर संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में इस समय माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं सहित अन्य परीक्षाएं चल रहीं है, तो वहीं दूसरी ओर शादी-विवाह का सीजन चल रहा है, जिनमें बजने वाला डीजे परीक्षार्थीयों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।



**नियमों का पालन करने की हिदायतः**

बैठक के दौरान डीजे संचालकों द्वारा पुलिस को अवगत कराया गया कि कई अवसरों पर आयोजनकर्ता देर रात्रि तक डीजे संचालन हेतु दबाव बनाते हैं। इस पर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि कोई व्यक्ति जबरन डीजे बजाने का प्रयास करता है, तो तत्काल संबंधित थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। लेकिन शर्त यहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित डेसीबल सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए, व निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक साउंड अथवा अत्यधिक बेस का उपयोग न किया जाए। इसके लिए रात्रि के समय पुलिस सतत निगरानी रखेंगी तथा आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा समस्त डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रात्रि 10.00 बजे के पश्चात किसी भी प्रकार के आयोजन में डीजे का संचालन नहीं किया जाएगा, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि पुलिस द्वारा आयोजित बैठक का डीजे संचालक कितना पालन करते है, या फिर यह बैठक भी पिछली बैठको जैसी सिद्ध होगी।

**भरवाए गए बॉंडः**

कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक के दौरान जहां डीजे संचालकों को निर्देश दिए गए, तो वहीं सभी डीजे संचालकों से इस संबंध में लिखित बाउंड भरवाए गए है। तो वहीं पुलिस द्वारा बताया गया है कि यदि डीजे संचालकों द्वारा नियमों का उल्लघन किया जावेगा, तो नियमों के उल्लंघन की स्थिति में ध्वनि उपकरण जब्ती सहित वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही उसके डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाए दिया जाएगा।



# शहर के पांच केंद्रों पर हुई परीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हो गई है। एग्जाम सेंटर में प्रवेश से पहले बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर एग्जाम की शुरुआत अंग्रेजी के प्रश्न पत्र से हुई। अंग्रेजी के प्रश्न पत्र को विद्यार्थियों ने सरल बताया, इससे विद्यार्थी बेहद उत्साहित दिखे। परीक्षा कक्ष में जाते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर तनाव झलक रहा था, जब वे परीक्षा देकर लौटे तो बेहद खुश हुए। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा आया था, इसे आसानी से हल कर लिया। पहले प्रश्न पत्र में चंदेरी के चार परीक्षा केंद्रों पर कहीं भी नकल प्रकरण नहीं बना, शांति पूर्ण तरीके से विद्यार्थियों ने परीक्षा का पहला एग्जाम दिया। चंदेरी के चार सामान्य और एक संवेदनशील सहित पांच केंद्रों पर चेकिंग दल भ्रमण करते रहे और सुरक्षा की दृष्टि से पांच परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। चंदेरी में 5 केंद्रों पर 10वीं की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 1258 परीक्षार्थियों में से 1219 ने परीक्षा दी जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कक्षा 10वीं के पहले प्रश्न पत्र में चंदेरी में कहीं भी नकल प्रकरण नहीं बना है। परीक्षा कक्ष से बाहर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र बहुत ही सरल आया थाजिसस वह अच्छा रहा।

### बच्चों को दवा पिलाकर किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करने के लिए दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को स्थानीय जिला चिकित्सालय में इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी तथा अर्बन नोडल अधिकारी डॉक्टर रजनी छारी द्वारा जिला चिकित्सालय में आए बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए तथा शरीर में विटामिन की कमी के लिए बच्चों को यह खुराक जरूर पिलाएं। इस दौरान संबंधित स्टाफ मौजूद रहा।



# कांग्रेस ने कहा अपराध का गढ़ बना शाढ़ौरा

**अपराधिक घटनाओ पर कार्रवाई की मांग**

**ब्लॉक कांग्रेस ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मोनू रघुवंशी कुन्दौरा ने बताया कि शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में लगातार गंभीर आपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं, जिससे आमजन में भय एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है। ज्ञापन में उन्होंने विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि शाढ़ौरा में गल्ला व्यापारी के साथ 20 लाख रुपए की लूट की घटना, जिसमें आरोपी पकड़े गए परंतु लूटी गई राशि बरामद नहीं हुई। खैजरा अटारी क्षेत्र में लूट की घटना। एक मासूम बच्चे के अपहरण का मामला। वहीं शाढ़ौरा में पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम जुआ संचालित होना। गांव-गांव अवैध शराब (कच्ची शराब) एवं खुली शराब विक्री। रात्रि में नगर परिषद के सामने से एक महिला के गहने झपटने की घटना। थाना संचालन में कुछ संदिग्ध दलालों की भूमिका होने की चर्चाएं। इन घटनाओं से स्पष्ट है, कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूर्णत: कमजोर होती जा रही है। आज जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की, कि उपरोक्त सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्यवाही की जाए। अवैध जुआ एवं शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए। थाना व्यवस्था में सुधार कर जनता का विश्वास पुन: स्थापित किया जाए। क्षेत्र में नियमित गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। यदि आठ दिवस के भीतर ठोस एवं दिखाई देने वाली कार्यवाही नहीं की जाती है, तो कांग्रेस जन समस्त क्षेत्रवासियों के साथ शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से थाना शाढ़ौरा का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आशा है कि एसपी जनहित में शीघ्र कठोर कदम उठाएंगे। ज्ञापन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह सहित अन्य लोग थे।



# इनर व्हील क्लब ने बच्चो को कराया अन्नप्राशन संस्कार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 केंद्र क्रमांक 60 में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अन्नप्राशन कार्यक्रम का गआयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेन भिड़े के कुशल मार्गदर्शन एवं सुपरवाइजर प्रियंका के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब का विशेष सहयोग रहा।



कार्यक्रम के दौरान क्लब की वरिष्ठ सदस्या इंदु गांधी ने बच्चों के शुरुआती पोषण की महत्ता पर अपना प्रबोधन दिया, वहीं महिला बाल विकास की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अर्चना नामदेव ने उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं और बाल देखभाल के प्रति प्रेरित किया। आयोजन के दौरान इनर व्हील क्लब की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप कंबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीता जैन और अनुष्का जैन का विशेष सहयोग रहा, जहां क्लब की सभी सदस्याओं और वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इस सामाजिक पहल को सार्थक बनाया।

### जनभागीदारी समिति की बैठक

**अशोकनगर ।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा समिति का गठन एवं अन्य प्रस्तावो पर चर्चा की गई। साथ ही महाविद्यालय संचालन की आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर पदेन (सचिव) सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**सुधार एवं सवाल**

**नपाध्यक्ष ने कराई जांच, तो नाली से गुजरी पाईप लाईन में मिला लीकेज**

# शहर की पोश कालोनियों में पहुंच रहा था नलों का गंदा पानी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। जिलामुख्यालय की पोश कालोनियों में शुमार दो कालोनियों के घरों में नपा द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी गंदा पहुंच रहा था।** जिसकी शिकायत स्थानीय रहवासियों द्वारा नगरपालिका से की गई, तो वहीं बार बार शिकायत मिलने के बाद जब समस्या जस की तस बनी रहीं तो उन्होंने मंगलवार को स्वयं मोर्चा संभाला और इन कालोनियों में पहुंचकर नाले से आ रहे गंदे पानी हकीकत को देखा। जहां नलों से गंदा पानी आता देख पूरे पाईपलाइन को चैक कराया गया तो एक स्थान की पाईपलाइन जो नाली होकर गुजर रही थी, उसमें लीकेज था, जिसे सुधारवाया गया और उसके बाद शुद्ध पेयजल की पुष्टि नपाध्यक्ष ने पानी पीकर की।



दरअसल पिछले कई दिनों से रेलवे स्टेशन से लेकर सुभासगंज क्षेत्र के निवासी नलों में गंदा पानी आने की समस्या से जूझ रहे थे। इस गंभीर शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया अपनी टीम के साथ खुद मैदान में उतरे और समस्या की जड़ खोज निकाली।

नगरपालिका की टीम ने स्टेशन रोड और रघुवंशी गली के प्रवेश द्वार पर गड्ढे खुदवाकर पाइपलाइन की सघन जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि एक जगह 1 इंच का नल कनेक्शन टूटा हुआ था। टूटी हुई पाइपलाइन के कारण नाली का गंदा पानी सीधे मुख्य सप्लाई लाइन में मिल रहा था। टीम ने तत्काल इस लीकेज को दुरुस्त किया और लाइन की पूरी तरह सफाई करवाई गई।

**पोश कालोनी में ये हाल, तो अन्य इलाकों में क्या हाल होगा पेयजल व्यवस्था काः**

शहर की पोश कालोनी माने जाने वाली सुभाष गंज और स्टेशन रोड़ पर जब नगरपालिका द्वारा किया जा रहा पानी गंदा पहुंच रहा था, जिस पर स्वयं नपाध्यक्ष ने एक्शन लेते हुए सुधार करवाया गया, तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पोश कालोनी में लीकेज के कारण गंदा पानी पहुंच रहा था, तो शहर के अन्य इलाकों के क्या हाल होंगे, जबकि शहर के अधिकांश स्थानों पर घरो में पहुंचने वाली पाईपलाइन नालियों से होकर गुजरती है।

# दवा के छिड़काव से मसूर की फसल हुई चौपट

**भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन**

**नुकसान का मिले हर्जाना संचालक पर हो कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में कृषि क्षेत्र में नकली दवा का कारोबार फलफूल रहा है और इन नकली दवाओं का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को सामने आया, जब भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने दवा छिड़काव के बांद मसूल की फसल नष्ट होने की बात कहते हुए उप संचालक कृषि विभाग के अमित भदौरिया ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसान संघ के पदाधिकारियों ने उक्त दवा के दुकानदार पर कार्रवाई करने और किसान के नुकसान दिलाये जाने की मांग विभाग से की गई।



भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के सौंपे ज्ञापन में कृषि भानू रघुवंशी ने बताया कि उसकी ग्राम उमरी में खेत है और उसमें मसूर की फसल बोई थी, उन्होंने फसल में डालने के लिये विवेक कुमार, प्रेम कुमार की दुकान से फन्गि साईड, टोनिक एवं माहू की दवाई ली थी। जिसे डालने के अगले दिन ही मसूर की फसल का फूल मर गया और वह पूरी तरह झुलसकर पूरी तरह खराब हो गई। फसल खराब होने का मुख्य कारण नकली दवा है, इसलिए किसान संघ के पदाधिकारियों ने उक्त दुकानदार पर कार्वाई किए जाने की मांग करते हुए किसान को नुकसान की हर्जाना दिलाये जाने की मांग की गई।